**खबर संक्षेप**

### मंगल सिंह व गुरमुख सिंह का शहीदी दिवस मनाया

**रादौर।** शहीद भगत सिंह मोर्चा की ओर से मंगलवार को गांव हरनौल में क्रांतिकारी मंगल सिंह, मस्तान सिंह व गुरमुख सिंह का शहीदी दिवस मनाया गया। मोर्चा के अध्यक्ष रणधीर चौधरी ने कहा कि 1870 में कूका आंदोलन ने जन-जन तक अपनी पहुंच बना ली। कूका आंदोलन अंग्रेजों के सिर का दर्द बनता जा रहा था। जिस कारण अंग्रेज इस आंदोलन को कुचलना चाहते थे। अंग्रेजों ने हिंदुओं और मुसलमानों को आपस में लड़वाने के लिए अमृतसर व रायकोट में गायों को काटने के लिए कत्लखाने खोले।

### जांच शिविर में की 139 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

**रादौर।** सांसद नवीन जिंदल फाउंडेशन के तत्वावधान में गांव पालेवाला व करतारपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में फाउंडेशन की मेडिकल वैन यूनिट में तैनात चिकित्सकों द्वारा 139 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। सांसद नवीन जिंदल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि डॉ. प्रमोद सिंह के नेतृत्व में 139 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

## मेयर कैंप कार्यालय में विकास कार्यों को लेकर बैठक का आयोजन

# विकास कार्यों में तेजी लाएं और गुणवत्ता का रखें ख्याल: मेयर

प्रत्येक कनिष्ठ अभियंता से उनके अपने वार्ड में निर्माणाधीन गलियों, नालियों, सामुदायिक भवनों और पार्कों के बारे में जानकारी ली



**यमुनानगर।** मॉडल टाऊन स्थित मेयर कैंप कार्यालय में विकास कार्यों को लेकर आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए मेयर सुमन बहमनी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी के मॉडल टाउन स्थित मेयर कैंप कार्यालय में विकास कार्यों को लेकर कार्यकारी अभियंता,निगम अभियंताओं व कनिष्ठ अभियंताओं की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मेयर सुमन बहमनी ने की।

रउन्होंने अधिकारियों को शहर में चेल रहे विकास कार्यों को पूरा करने में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। मेयर सुमन बहमनी ने बैठक में सबसे पहले वार्ड नंबर एक से 22 तक हो रहे और प्रस्तावित विकास कार्यों की वार्ड वाइज समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक कनिष्ठ अभियंता से उनके अपने वार्ड में निर्माणाधीन गलियों, नालियों, सामुदायिक भवनों, पार्कों के सौंदर्यीकरण, मरम्मत कार्यों और अन्य विकास परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। मेयर सुमन बहमनी ने अधिकारियों को जिन विकास कार्यों के वर्क ऑर्डर जारी हो चुके हैं। उन्हें किसी भी स्थिति में निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अभियंता नियमित रूप से विकास कार्यों का निरीक्षण करें और हर काम में गुणवत्ता को प्राथमिकता दें। क्योंकि गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मेयर सुमन बहमनी ने स्पष्ट किया कि शहर में विकास के लिए तैयार किए गए सभी प्रस्तावों को जल्द से जल्द क्रियान्वित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से जानकारी ली कि अब तक कितने कार्यों के एस्टीमेट तैयार किए जा चुके हैं और कितनों के टेंडर जारी हुए हैं व कितने कार्य अलॉट हो चुके हैं। वहीं, कितने कार्य वर्तमान में निर्माणाधीन हैं।

**एस्टीमेट तैयार हो चुके कार्यों के टेंडर करें अलाट**

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि जिन कार्यों के एस्टीमेट तैयार हो चुके हैं। उनके टेंडर तुरंत अलॉट किए जाएं । वहीं, जिनके वर्क ऑर्डर जारी हो चुके हैं उनमें तेजी लाकर उन्हें समय पर पूरा किया जाए। जो कार्य किसी कारण से शुरू नहीं हो पाए हैं। उनके कारणों की पहचान की जाए और तुरंत शुरुआत करवाई जाए। उन्होंने निगम क्षेत्र में चल रहे मरम्मत कार्यों की भी जानकारी ली और निर्देश दिया कि प्रत्येक वार्ड में बनाई जा रही गलियां, नालियांए स्टॉर्म वाटर ड्रेन और पाइपलाइन बिछाने के काम जल्द से जल्द पूरे किए जाएं। बैठक में मेयर सुमन बहमनी ने वार्ड पार्षदों के साथ समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया। इस अवसर पर निगम के कार्यकारी अभियंता विकास धीमान, दलचंद शर्मा, निगम अभियंता सुरेंद्र दहिया,मृणाल जयसवाल,मुनेश्वर भारद्वाज,राजेश शर्मा आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** यमुनानगर के मुकंदलाल कॉलेज रादौर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

# कार्यशाला में विद्यार्थियों को दी स्वयं ऐप की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

- एमएलएन कॉलेज रादौर में कार्यशाला का आयोजन

मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर में मंगलवार को कंप्यूटर साइंस डिपार्टमेंट एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा विद्यार्थियों के लिए स्वयं एप पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कंप्यूटर डिपार्टमेंट के प्रो.आशीष भल्ला ने स्वयं एप को प्रयोग करने तथा इसके लाभों की जानकारी दी।

**विद्यार्थियों ने अपने फोन पर किया प्रैक्टिकल :** प्रो.आशीष ने बताया कि आज के समय में यह कितना बड़ा ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म बन चुका है। मौके पर लगभग 200 विद्यार्थियों ने अपने मोबाइल फोन पर स्वयं ऐप को डाउनलोड किया और इसका प्रैक्टिकल भी किया। प्रो.आशीष भल्ला ने बताया कि स्वयं ऐप गवर्नमेंट द्वारा बनाई गई ऐप है। जिसमें विद्यार्थियों को निःशुल्क कोर्स करने के बाद प्रमाण-पत्र भी प्राप्त होता है, जो की नौकरी लेने में सहायक है। कार्यशाला को सफल बनाने में प्रो.पूजा वर्मा व प्रो.नवीन भारद्वाज ने सहयोग किया। कॉलेज की प्राचार्य डॉ.माला शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों का सही निखार प्रयोगशाला के माध्यम से होता है। इसलिए समय-समय पर इस तरह की प्रयोगशाला करवाते रहेंगे।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर डॉ.महेंद्र सिंह, डॉ.रिचा सीकरी, प्रो.पिंकी, प्रो.सिमरन, प्रो.बंटी, प्रो.जयचंद, संजू कुमार आदि मौजूद थे।

# सात टीबी के मरीजों की पहचान की

- अज्ञानता और डर के कारण जांच करवाने से डरते हैं लोग : डॉ . कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** कोट मुबारकपुर गांव में आयोजित शिविर में लोगों की स्क्रीनिंग करते चिकित्सकों की टीम। फोटो : हरिभूमि

जिले के प्रतापनगर की सीएचसी द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत गांव कोट मुकरबपुर एक्टिव केस फाइंडिंग(एसीएफ) शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सीएचसी प्रतापनगर के सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ. जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने लोगों की स्क्रीनिंग कर जांच की।

सीएचसी प्रतापनगर के सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ. जितेंद्र कुमार ने बताया कि शिविर के दौरान एक हजार से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की गई। जिनसे यह पूछा गया कि क्या उन्हें टीबी के कोई लक्षण जैसे खांसी, बुखार, वजन कम होना या थकावट जैसी समस्याएं हैं। संभावित मरीजों को आगे की जांच हेतु चिह्नित किया गया। जिनमें से दो दर्जन से अधिक लोगों के एक्सरे किए गए और डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों के बलगम के सैंपल लिए गए। अब तक इस अभियान के अंतर्गत सात टीबी के मरीजों की पहचान की जा चुकी है। डॉ. जितेंद्र कुमार ने बताया कि अभी भी लोग अज्ञानता और डर के कारण अपनी जांच करवाने से हिचकते हैं। हमें उन्हें बार बार समझाना पड़ता है कि टीबी एक इलाज योग्य बीमारी है और समय रहते जांच व इलाज आवश्यक है। सभी ग्रामीणों से आग्रह है कि वे इस मुहिम में सक्रिय भागीदारी निभाएं। डॉ. कुमार ने ग्रामीणों से जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित किए जा रहे शिविरों में भाग लेने की अपील की।

## प्रवेश सैनी बिजली निगम वर्कर्स यूनियन रादौर के पांचवी बार प्रधान मनोनित किए



**यमुनानगर।** रादौर में बिजली निगम वर्कर यूनियन की बैठक में शपथ लेते हुए नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

**रादौर ।**बिजली निगम वर्कर यूनियन रादौर के सदस्यों की कस्बा के निगम कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में यूनियन की रादौर कार्यकारिणी का गठन किया गया।,इस दौरान बैठक की अध्यक्षता युनिट प्रधान मनदीप शर्मा व प्रदेश अध्यक्ष अशोक शर्मा ने की। यूनिट प्रधान मनदीप शर्मा ने बताया कि कार्यकारिणी का सभी सदस्यों से विचार विमर्श करने के बाद सर्वसम्मति से गठन किया गया। जिसमें प्रवेश सैनी को लगातार पांचवी बार यूनियन की रादौर शाखा का प्रधान नियुक्त किया गया। जबकि मोहनलाल को सचिव, अभिलाष को उपप्रधान, निर्मल सिंह को सह सचिव, मनीष कुमार को कोषाध्यक्ष व रविंद्र कुमार को संगठनकर्ता नियुक्त किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को कर्मचारियों ने फुलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया। मौके पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। नवनियुक्त प्रधान प्रवेश सैनी ने बताया कि तीन वर्ष के लिए कार्यकारिणी का गठन किया गया है। कार्यकारिणी का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों के हितो की रक्षा करना है। उनकी मांगों को पूरा करवाना है। इस अवसर पर जेई सतपाल, जेई शमशेर, जेई जोगिंद्र सिंह, जेई सुनील कुमार, सुभाष, कमल, नीरज, निक्कू चौहान, बलवान सिंह, कुलविंद्र सिंह, मनीष सैनी व ओमप्रकाश आदि मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों का अपनी पढ़ाई के प्रति ध्यान केंद्रित करना जरूरी: डॉ. विवेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में बीटैक व बीसीए के विद्यार्थियों के लिए हवन यज्ञ के साथ नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 का शुभारंभ किया गया। संस्थान में पहले दिन सभी नए विद्यार्थियों के स्वागत हेतु पारंपरिक हवन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज प्रशासन, संकाय, कर्मचारी व उत्साही विद्यार्थियो ने आहुतियां अर्पित कर नए शैक्षणिक सत्र की सफलता की कामना की। संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई के प्रति ध्यान केंद्रित करने व प्रतिबद्ध रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि संस्थान इंजीनियरिंग शिक्षा में उत्कृष्टता की अपनी परंपरा को कायम रखता है। एक ऐसे वातावरण को बढ़ावा देता है जहां छात्रों को अपनी पूरी क्षमता हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। हवन समारोह केवल एक अनुष्ठान नहीं है। बल्कि यह शिक्षा के प्रति समग्र दृष्टिकोण की याद दिलाता है। जिसे हम मुकुंद ग्रुप में अपनाते हैं। हमारा लक्ष्य अपने विद्यार्थियों को न केवल तकनीकी कौशल से लैस करना है। बल्कि मार्गदर्शन के लिए सही नैतिक दिशा निर्देश भी देना है।



**यमुनानगर ।** रादौर में जेएमआईईटीआई कॉलेज में आयोजित हवन यज्ञ में भाग लेते विद्यार्थी, गणमान्य व स्टाफ सदस्य।

मौके पर संस्थान की एप्लाइड साइंस एंड ह्यूमनिटी विभाग की अध्यक्ष मिस पूनम कालरा ने विद्यार्थियों को संस्थान के विभिन्न विभागों और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत करवाते हुए ओरिएंटेशन को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति के अनुसार हवन कार्यक्रम शुरू हुआ।

## एसएमओ ने लोगों को डेंगू से बचाव-उपायों की जानकारी दी



**रादौर।** रादौर के एसएमओ डॉ.विजय परमार ने क्षेत्रवासियों को डेंगू के लक्षण बताते हुए इससे बचाव की विस्तार से जानकारी दी। डॉ.परमार ने बताया कि डेंगू एक जानलेवा संक्रामक गंभीर रोग है। यह रोग एक वायरस द्वारा होता है, इसे डेन वायरस कहते हैं। उन्होंने बताया कि विशेष डेंगू की जांच हेतु रक्त के नमूने राष्टीय संचारी रोग संस्थान, दिल्ली तथा राष्टीय विषाणु रोग संस्थान पुणे भेजे जाते हैं, वहीं उनकी जांच होती है। मलेरिया की तरह डेंगू बुखार भी मच्छरों के काटने से फैलता है। डेंगू सभी मच्छर से नहीं फैलता। यह केवल कुछ जाति के मच्छर से ही फैलता है। डेंगू ज्वर एक खतरनाक संक्रामक रोग है। आम भाषा में इस बीमारी को हड्डी तोड़ बुखार भी कहा जाता है, क्योंकि इसके कारण शरीर व जोड़ों में बहुत दर्द होता है। उन्होंने बताया कि डेंगू के मुख्य लक्षणों में तीव्र बुखार, जोड़ों में मांसपेशियों में और शरीर दर्द, चिड़चिड़ापन तथा सिर दर्द होता है। यह एडीज मच्छर के काटने से होने वाला एक तीव्र वायरल इन्फेक्शन है। इससे शरीर की सामान्य क्लॉटिंग की प्रक्रिया अव्यवस्थित हो जाती है। ऐसी अवस्था प्लेटलेट के बहुतायत में नष्ट होने के कारण होती है। इससे कभी-कभी घातक रूप में सारे शरीर में रक्तस्राव होने लगता है। यह एक ऐसी बीमारी है जिसे महामारी के रूप में देखा जाता है। वयस्कों के मुकाबले, बच्चों में इस बीमारी की तीव्रता अधिक होती है। यह बरसात के मौसम में तेजी से फैलता है। डॉ.परमार ने बताया कि डेंगू बुखार उस मच्छर के काटने से होता है जिसने पहले से ही किसी डेंगू के मरीज को काटा है। यह मच्छर बरसात के मौसम में ज़्यादा फैलते हैं और यह उन जगहों पर तेजी से फैलते हैं जहां पानी जमा हो। उन्होंने आम जनता से आह्वान किया कि वे अपने घरों के आसपास किसी भी तरह का पानी एकत्रित न होने दें।

# बीमारियों से निजात पाने के लिए सजगता बेहद जरूरी : डॉ. सुरिंद्र

- डीएवी गर्ल्स कॉलेज में हेल्थ अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

डीएवी गर्ल्स कॉलेज के फैक्लटी डवलेपमेंट सेल के तत्वावाधान में कॉलेज में हेल्थ अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अंबाला सिटी स्थित मोदी केयर कंसल्टेंट से आई टीम ने कॉलेज के टीचर्स के स्वास्थ्य की जांच की। साथ ही उन्हें विभिन्न उपायों के बारे में बताया। कॉलेज की कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉ. सुरिंद्र कौर ने कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। वहीं, कनवीनर डॉ. मीनाक्षी सैनी ने अध्यक्षता की।

वहीं, कार्यक्रम में डॉ. सुनीता कौशिक व डॉ. रीटा सिंह ने समन्वयक के रुप में भाग लिया। कॉलेज प्राचार्या डॉ.सुरिंद्र कौर ने कहा कि इस तरह के हेल्थ अवेयरनेस कैंप से सभी में जागरूकता बढ़ती है। आज के भागदौड़ वाले समय में स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना जरूरी है। उन्होंने कहा कि बीमारियों से निजात पाने के लिए सजगता और जागरुकता बेहद जरूरी है। मौके पर मोदी केयर की डायरेक्टर वंदना मेहता व सीनियर एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर निशा शर्मा ने मशीन के जरिए टीचर्स की उम्र व लंबाई के आधार पर शरीर का निरीक्षण किया। इसके उपरांत उन्होंने प्रत्येक टीचर की हेल्थ की रिपोर्ट तैयार की। जिसके आधार पर सीनियर न्यूट्रिशियन एक्सपर्ट चिराग सूद ने टीचर्स को बॉडी फैट, बॉडी एज, बीएमआर व बीएमआई सहित अन्य चीजों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



**यमुनानगर।** यमुनानगर के डीएवी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में टीचर के हेल्थ की रिपोर्ट तैयार करते विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि

## श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में धूमधाम से मनाई जाएगी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



**रादौर।** रादौर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में 16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन होगा और श्रद्धालु पूजा अर्चना करके अपने परिवार की सुख शांति व स्मृद्धि के लिए कामना करेंगे। उक्त जानकारी मंदिर के महंत पंडित कमलेश अवस्थी ने दी।

महंत पंडित कमलेश अवस्थी ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व शनिवार 16 अगस्त को भाद्रपद मास की कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि को मनाया जाएगा। पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण का जन्म भाद्रपद मास में अष्टमी तिथि को रोहिणी नक्षत्र में हुआ था। उन्होंने बताया कि हर साल भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार मनाया जाता है। जन्माष्टमी के दिन श्रीकृष्ण के बाल स्वरुप की उपासना की जाती है। हिंदू धर्म मान्यताओं के अनुसार भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को ही श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। जन्माष्टमी के दिन लोग भगवान श्रीकृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए उपवास रखने के साथ ही भजन कीर्तन और विधि विधान से पूजा करते हैं। लेकिन कृष्ण पूजन में मनचाहा वरदान और आशीर्वाद प्राप्ति के लिए कुछ चीजों का ध्यान रखना जरुरी है। उन्होने बताया कि जन्माष्टमी के दिन कई लोग सुबह या शाम के वक्त पूजा करते हैं। लेकिन ध्यान रहे कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म आधी रात को हुआ था। ऐसे में उस वक्त ही पूजा करना लाभकारी माना जाता है।

# विहान कांबोज ने बॉक्सिंग में जीता कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



- गुरुग्राम में आयोजित जोन स्तरीय प्रतियोगिता में दिखाया दमखचम

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल यमुनानगर के होनहार छात्र विहान कांबोज ने सीबीएसई क्लस्टर गेम्स (उत्तर जोन) में बॉक्सिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर विद्यालय व जिले का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता एक अगस्त से 4 अगस्त तक आरबीएसएम पब्लिक स्कूल गुरुग्राम में आयोजित की गई ।

प्रधानाचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में हरियाणा और पंजाब के कई जिलों जैसे सिरसा, हिसार, फतेहाबाद, गुरुग्राम व पंजाब के खिलाड़ियों ने भाग लिया। विहान ने अपने हुनर और धैर्य का परिचय देते हुए बेहतरीन खेल दिखाया। उनका अंतिम मुकाबला डीपीपीएस स्कूल के खिलाड़ी से हुआ। जिसमें उन्होंने शानदार खेल के दम पर कांस्य पदक अपने नाम किया। प्रधानाचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल विहान की मेहनत का परिणाम है। बल्कि विद्यालय की उस सोच का भी परिचायक है जिसमें हम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देते हैं। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। मौके पर विद्यालय के चेयरमैन जीएस शर्मा ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि छात्र विहान की यह सफलता पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है।

## श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा विभाजन विभीषिका दिवस : राजेश सपरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



- ज्यादा नागरिकों को इस कार्यक्रम से जोड़ा जाएं

विभाजन विभिषिका दिवस के अवसर पर डीएवी गर्ल्स कॉलेज में 8 अगस्त को कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें कार्यकर्ता, गणमान्य व नागरिक भाग लेंगे। उक्त जानकारी भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने दी।

भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने बताया कि यह दिवस उन लाखों लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है। जिन्होंने 1947 के विभाजन के दौरान अपनी जान गंवाई थी या विस्थापित हुए थे। उन्होंने बताया कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की तैयारी के लिए जिला स्तर पर हर विधानसभा स्तर व मंडल स्तर पर संयोजकों की भी नियुक्ति कर दी गई है। ताकि ज्यादा से ज्यादा नागरिकों को इस कार्यक्रम से जोड़ा जाएं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से युवा पीढ़ी को देश के इतिहास के एक दुखद अध्याय से अवगत कराया जाएगा। ताकि वे भविष्य में एकता और सद्भाव बनाए रखने के महत्व को समझ सकें। सपरा ने कहा कि इस दिन प्रदर्शनी, सेमिनार और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें विभाजन से संबंधित दुर्लभ तस्वीरें और दस्तावेज दिखाए जाएंगे।

## कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने मुख्यातिथि के रुप में लिया भाग

# बूथ मजबूत करने के लिए कार्य करें भाजपा कार्यकर्ता: राणा

- भाजपा जिला कार्यकारिणी की पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित हुई बैठक
- भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने की बैठक की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भारतीय जनता पार्टी यमुनानगर की जिला कार्यकारिणी की बैठक पार्टी के जगाधरी के हुड्डा सेक्टर-17 स्थित जिला कार्यालय यमुना कमल में आयोजित की गई। बैठक में मुख्यातिथि के रुप में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने की। वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रुप में विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, मेयर सुमन बहमनी,ओबीसी मोर्चा के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष पूर्व मेयर मदन चौहान व जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग मौजूद रहे। मुख्यातिथि एवं कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि सभी भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता अपना अपना बूथ मजबूत करने के लिए कार्य करें । क्योंकि चुनाव में प्रायः यह देखा जाता है कि जिस उम्मीदवार ने बूथ जीता वही चुनाव जीतता है। सभी भाजपा पदाधिकारी अपने बूथ पर मतदाताओं के साथ लगातार संपर्क में रहे व उनके सामाजिक व राजनीतिक कार्य कराने में उनकी सहायता करें। कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा नकृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता हरियाणा सरकार की योजनाओं के प्रचार प्रसार में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करें। मौके पर विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि पार्टी संगठन ने उन्हें मंडल स्तरीय तिरंगा यात्राओं व हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला यमुनानगर के संयोजक व पंचकुला व अंबाला जिले का प्रभारी बनाया है । विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि सभी भाजपा जिला पदाधिकारी कार्यकर्ता इन अभियानों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और आम जनता को भी तिरंगा यात्रा अभियान में जोड़े। ताकि हर हर भारतवासी के दिल में देशभक्ति की भावना जागृत हो।



**यमुनानगर ।** भाजपा जिला कार्यालय में पार्टी के जिला कार्यकारिणी की बैठक में मुख्यातिथि एवं कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा का स्वागत करते हुए जिला अध्यक्ष राजेश सपरा व अन्य।

**आयोजित होंगी तिरंगा यात्राएं**

भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरार ने कहा कि पार्टी के प्रदेश संगठन के दिशानिर्देश के मुताबिक जिला यमुना नगर में 8 अगस्त से 15 अगस्त तक देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें मंडल स्तर पर तिरंगा यात्राएं आयोजित की जाएंगी और हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन रोजी मलिक आनंद, जिला परिषद अध्यक्ष रमेशचंद ठसका,पूर्व विधायक बलवंत सिंह, पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका, जिला महामंत्री प्रवीण खदरी व नरेंद्र राणा, जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग, भारत भूषण जुआल व नवीन भसीन आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### खो-खो व कबड्डी स्पर्धा में मारी बाजी

**कुरुक्षेत्र।** खंड थानेसर आयु वर्ग 11 वर्ष तक खेल प्रतियोगिता में राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय किरमिच के टीमें खो खो व कबड्डी में प्रथम स्थान पर रही। साथ ही कक्षा चौथी से सूरज लम्बी कूद में द्वितीय स्थान पर रहे व रिले दौड़ में दूसरे स्थान पर रहे। इस प्रकार बच्चों के कोच के रूप में संजय ने बच्चों को बहुत मेहनत करवाते हुए तैयारी करवाई जिसके परिणाम स्वरूप आज बच्चों ने खंड स्तर पर खो-खो एवं कबड्डी में वर्चस्व बनाए रखा।

### शरीरदान कर अमर हुई 90 वर्षीय शांति इन्सां

**पिहोवा।** 90 वर्षीय शांति देवी मरणोपरांत शरीरदान कर अमर हो गई हैं। अब शांति देवी की पार्थिव देह मेडिकल रिसर्च के काम आएगी। सैंकड़ों शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेल्फेयर कमेटी के सदस्यों, रिश्तेदारों व ग्रामीणों की मौजूदगी में शांति देवी को अमर रहे नारों के बीच अंतिम विदाई दी गई। रविवार देर सायं उनके शरीर को मेडिकल शिक्षा और शोध कार्य के लिए वीरांगना अवंती बाई लोधी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एटा, उत्तर प्रदेश के लिए एंबुलेंस के माध्यम से भेजा गया।

### खिलाड़ियों को लगन से करना चाहिए अभ्यास



**कुरुक्षेत्र।** भारतीय खेल प्राधिकरण कुरुक्षेत्र प्रशिक्षण केन्द्र में आए वॉलीबाल के इंटर्नशिप प्रशिक्षक कोच प्रीतेश राय व कैफ अली ने कहा कि खिलाड़ियों को हमेशा खेल के मैदान में पूरी मेहनत और लगन के साथ अभ्यास करना चाहिए। जो खिलाड़ी मन लगाकर अभ्यास करेगा वह खिलाड़ी अपने लक्ष्य को हासिल कर लेगा। वालीबॉल के प्रशिक्षक कोच प्रीतेश राय व कैफ अली साई कुरुक्षेत्र में आयोजित समारोह में बोल रहे थे।

### स्टार्टअप का भविष्य भारत में उज्ज्वलः पूनिया



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा आयोजित दो दिवसीय ह्यनूतन छात्र अभिनन्दन कार्यक्रमह्न में संस्थान के 10 छात्रों को एंटरप्रेन्योरशिप के माध्यम से रोजगार के नवीन अवसर दूसरे छात्रों के लिए उपलब्ध करवाने व विभिन्न प्रकार के स्टार्टअप की शुरूआत करने के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल द्वारा सम्मानित किया गया। जनसंचार एवं मीडिया संस्थान के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि स्टार्टअप का भविष्य भारत में उज्ज्वल है।

## गीता विद्यालय में हुआ 36वे प्रांतीय खेलकूद समारोह का उद्घाटन

# सर्वांगीण विकास के लिए ज्ञान के साथ खेलकूद जरूरी : दलेल सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीमद्भागवदगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में 36वें प्रांतीय खेलकूद समारोह का उद्घाटन हुआ। जिसमें विद्या-भारती उत्तर क्षेत्र के महामंत्री दिला राम चौहान, मुख्य अतिथि अर्जुन अवार्डी वॉलीबॉल प्लेयर दलेल सिंह, विशिष्ट अतिथि उद्योगपति रजनीश गोयल, हिंदू शिक्षा समिति हरियाणा के उपाध्यक्ष चेतराम शर्मा, उत्तर-क्षेत्र खेल संयोजक मलखान सिंह, विद्यालय के प्रबंधक वीरेंद्र वालिया, उपाध्यक्ष अशोक रोशा, कोषाध्यक्ष रमेश गुलाटी, सदस्य जंग बहादुर, निर्देशक अनिल कुलश्रेष्ठ व प्राचार्य अनिल मदान ने मां शारदा के समक्ष दीप- प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य अनिल मदान ने आए हुए अधिकारीगण का परिचय करवाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अर्जुन अवार्डी दलेल सिंह ने कहा कि विद्या भारती के द्वारा शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को संस्कारमय शिक्षा दी जाती है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए छात्रों को खेलों में भी बढ़ चढ़कर प्रतिभागिता करने के लिए प्रेरित किया जाता है। उन्होंने कहा भारत में होने वाले 2036 के ओलंपिक गेम्स में विद्या भारती के खिलाड़ी अच्छे मेडल लेकर देश का नाम रोशन करेंगे। दलेल सिंह ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है। इसलिए बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ खेल भी आवश्यक है। बच्चों में असीम प्रतिभाएं छुपी रहती हैं। ऐसे आयोजन उनकी प्रतिभा को निखरने का अवसर प्रदान होता है। उन्होंने बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। कहा कि नशा सभी बुराईयों की जड़ है। कहा कि युवा नशे की तरफ न जाकर अपने शरीर को हष्ट पुष्ट रखने के लिए अच्छी डाइट ले।



**कुरुक्षेत्र।** मुख्यातिथि अर्जुन अवार्डी वॉलीबॉल प्लेयर दलेल सिंह को स्मृति चिह्न भेंट करते आयोजक।



**कुरुक्षेत्र।** फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।

### फुटबॉल में गीता विद्यालय ने मारी बाजी

विद्यालय की संगीत आचार्य द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम करवाए गए जिनमें लक्ष्य, हरीश, तन्मय ने प्रतिभागिता की। अंडर-19 फुटबॉल में गीता विद्यालय के छात्रों ने रोहतक की अंडर-19 फुटबॉल की टीम को हराया। इस अवसर पर किशोर चौहान प्रांतीय खेल संयोजक, राजीव, भूपेंद्र, व अन्य विद्यालय से आए हुए प्रबंध समिति के सदस्य व छात्रों के साथ आए हुए संरक्षक आचार्य उपस्थित रहे।

### 7 अगस्त तक चलेंगे खेल

विद्या भारती उत्तर क्षेत्र के महामंत्री दिला राम चौहान ने बताया यह खेल गीता विद्यालय में 5 अगस्त से 7 अगस्त तक चलेंगे। जिनमें फुटबाल, वालीबाल, बास्केटबाल, हैंडबॉल, वेटलिफ्टिंग,तीरंदाजी, स्विमिंग, स्केटिंग आदि खेल संपन्न होंगे। उन्होंने बताया कि विद्या भारती प्रतिवर्ष छात्रों का सर्वांगीण विकास करने के लिए इस तरह के खेलकूद पूरे देश में व हर प्रांत में करवाती है। इसके बाद क्षेत्रीय, फिर अखिल भारतीय स्तर पर इन खेलों में छात्र प्रतिभागिता करते हैं। कार्यक्रम में मंच संचालन विद्यालय की आचार्या रजनी मिश्रा द्वारा किया गया।

# बॉर्डर पर तैनात जवानों के लिए बनाई जा रही 30 हजार राखियां



- वात्सल्य वाटिका की 13 युवतियां रक्षा सूत्र कर रही तैयार : धीमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीकृष्णा आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि हिंदू त्योहार देश को अनेकता से एकता के सूत्र में बांधते हैं। इस बंधन को मजबूत बनाने के लिए वात्सल्य वाटिका की युवतियां रक्षा सूत्र तैयार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश में गाय को माता का दर्जा दिया है, जो हमारे और हमारे परिवार के लिए काफी लाभदायक है। गाय के दूध से बने उत्पाद हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक हैं, जो हमें बीमारियों से दूर रखते हैं। कुलपति वैद्य करतार सिंह धीमान मंगलवार को वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र में आयोजित संकल्प अभियान कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में बोल रहे थे। वात्सल्य वाटिका की 13 युवतियों द्वारा 30 हजार राखियां (सात्विक रक्षा सूत्र) बनाई जा रही है। इन राखियों को देश की सीमा पर रक्षा करने वाले जवानों, अधिकारियों-कर्मचारियों को भेजीं जाएंगी।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाहक संजय कौशिक, 48 कोस मॉनिटरिंग कमेटी कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा, हरिओम दास परिवराजक, जयभगवान सिंगला, योगराज, सेवा भारती जिला अध्यक्ष केसी रंगा, राजेश, हरिसिंह, बलबीर, नवीन बटला, नरेश, क्षुति, तरुण जैन, अशोक रोशा, पंकज जैन, नवनीत जैन, सुरेंद्र गोयल, नवकेतन गोयल, अशोक राठी, डा. राजा सिंगला सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### एचएसएससी के अध्यक्ष हिम्मत सिंह ने संगमेश्वर महादेव मंदिर में किया भोलेनाथ का अभिषेक

**पिहोवा।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह नए संगमेश्वर महादेव मंदिर अरूणाय में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। मंदिर के ब्राह्मणों द्वारा विधिवत रूप से शिव पूजन करवाया गया। जिसके बाद सचिव महंत विश्वनाथ गिरी ने उन्हें प्रसाद एवं आशीर्वाद दिया।

# शाहबाद को संगठनात्मक व विकासात्मक दृष्टि से मजबूती प्रदान करना लक्ष्य : विज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र/शाहबाद

पानीपत से विधायक एवं शाहाबाद के प्रभारी प्रमोद विज व जिलाध्यक्ष तेजिन्द्र सिंह गोल्डी का विश्राम गृह में सुभाष कलसाना के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रमोद विज ने कहा कि उन्हें पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि शाहाबाद को संगठनात्मक और विकासात्मक दृष्टि से मजबूती प्रदान करना उनका प्राथमिक लक्ष्य है। प्रमोद विज ने विशेष रूप से मुख्यमंत्री नायब सैनी की कार्यशैली और नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी प्रदेश में विकास और सुशासन की नई मिसाल पेश कर रहे हैं। प्रमोद विज ने कहा कि भाजपा की नीतियों और नेतृत्व के चलते अगले विधानसभा चुनावों में शाहबाद में पार्टी की सशक्त जीत सुनिश्चित है। उन्होंने भरोसा जताया कि विज के मार्गदर्शन में संगठन और विकास दोनों ही क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ तालमेल बनाकर जिले में भाजपा को नई ऊंचाइयों तक ले जाया जाएगा। इस अवसर पर शहरी मंडल अध्यक्ष सुपाश्र्व जैन, तंगौर मंडल अध्यक्ष यादविन्द्र सिंह लक्की राणा, गुरनाम सिंह सैनी, रविन्द्र सांगवान ठोल, एडवोकेट मनदीप रावा आदि मौजूद रहे।



**शाहबाद।** विधायक प्रमोद विज का स्वागत करते सुभाष कलसाना।

### गीता निकेतन आवासीय विद्यालय में संस्कृत सप्ताह का शुभारंभ

**कुरुक्षेत्र।** गीता निकेतन आवासीय विद्यालय, कुरुक्षेत्र में संस्कृत सप्ताह का विधिवत शुभारंभ मंगलवार को पारंपरिक रीति से हुआ। संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार तथा विद्यार्थियों में इसके प्रति रुचि जाग्रत करने हेतु प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन व माँ सरस्वती की वन्दना के साथ हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य नारायण सिंह एवं कार्यक्रम के अतिथि अधिकारी तेजबीर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। समन्वयिका श्वेता त्रिखा ने उपस्थित अतिथियों का परिचय करवाया तथा विद्यार्थियों को संस्कृत सप्ताह की महत्ता से अवगत कराया। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रों से हुई, जिसे कक्षा नवमी के छात्रों ने प्रस्तुत किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा संस्कृत में सुविचार, पंचांग वाचन, समाचार वाचन, सुभाषित एवं गीतों की सुंदर प्रस्तुतियाँ दी गईं।

# बेटियों के नेतृत्व में सशक्त समाज बनेगा : चौटाला

- सामाजिक सरोकार दिवस के रूप में मनाया इनसो का 23वा स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नैना सिंह चौटाला इनसो के 23वें स्थापना दिवस पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में महिला सशक्तिकरण पर प्रेरणादायक सेमिनार, समाज में बदलाव की दिशा में बड़ा संदेश इनसो के 23वें स्थापना दिवस के अवसर पर आज कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के आर.के. सदन में महिला सशक्तिकरण आज की जरूरत, कल की दिशा विषय पर एक सार्थक, विचारोत्तेजक और उत्साहवर्धक सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा की पूर्व विधायक और नैना सिंह चौटाला मुख्य वक्ता के रूप में मंच पर उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्राओं और युवाओं को संबोधित करते हुए कन्या भ्रूण हत्या, महिलाओं की शिक्षा, राजनीतिक भागीदारी, और सामाजिक न्याय में महिलाओं की भूमिका जैसे अहम मुद्दों पर स्पष्ट, दृढ़ और संवेदनशील विचार रखे। उन्होने कहा कि बेटियों के नेतृत्व में सशक्त समाज इस मौके पर जिला जजपा प्रधान कुलदीप जखवाला, पूर्व प्रत्याशी शाहाबाद रंजीत अजराना कला, मंजू जाखड़, हलका अध्यक्ष थानेसर योगेश शर्मा, होशियार सिंह किरमच, युवा जिला अध्यक्ष जसविंदर खेहरा, जिला प्रवक्ता शेखर डोगरा, राजेश पायलट, पूर्व थानेसर विधानसभा प्रत्याशी सूर्य प्रताप राठौड़, प्रदीप, सूर्यांश शर्मा, जितेश शर्मा, हलका अध्यक्ष पिहोवा गुरलाल सिंह, हलका अध्यक्ष शाहबाद कुलदीप सैनी मौजूद रहे।



**कुरुक्षेत्र।** युवाओं को संबोधित करती पूर्व विधायक नैना चौटाला।



**कुरुक्षेत्र।** प्रतियोगियों द्वारा तैयार राखियों का अवलोकन करते बाल भवन पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य उमेद सिंह व अन्य।

### नन्हे बालकों में हुआ राखी बनाने का कम्पटीशन

**कुरुक्षेत्र।** जिला बाल कल्याण परिषद् द्वारा संचालित बाल भवन पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में कक्षा नर्सरी, एलकेजी व यूकेजी के विद्यार्थियों के बीच पेपर फोल्डिंग तथा कक्षा पहली से पांचवी तक के विद्यार्थियों के बीच राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों ने रंगीन कागजों से सुन्दर आकृतियां बनाई तथा आकर्षक व मनमोहक राखियों बनाकर अपनी हस्तकला के कौशल । प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य उमेद सिंह ने रक्षाबंधन के पवित्र त्योहार का महत्व बताते हुए कहा कि यह पर्व हमें भाई बहन के रिश्ते की पवित्रता, प्रेम तथा बहन के प्रति भाई के दायित्व का बोध कराता है। इस प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा। कक्षा नर्सरी में, ओजस, यक्ष व जीविका तथा कक्षा एलकेजी से जयंत चोपड़ा, काशवी, अनाया व कक्षा यूकेजी से शौर्य, स्वाधीनता एवं वंशिका प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। राखी मेकिंग प्रतियोगिता में पहली कक्षा से अदवित, रहिश व पीहू तथा दूसरी कक्षा से दक्ष, हैविन, गनिका ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान अर्जित किया।

# कई शब्दों को एक शब्द में समटने की ताकत संस्कृत भाषा में : वेदालंकार

- श्रीकृष्ण आयुष विवि में संस्कृत सप्ताह महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी से मिलकर बना आयुष शब्द एक मधुर और गहन अर्थ वाला संयोग है, जिसमें संपूर्ण प्राकृतिक चिकित्सा समाहित है। शब्द नाद है, शब्द ज्योति है और शब्द प्रकाश है, क्योंकि यह चेतना और संस्कार का माध्यम होते हैं। यह विचार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संस्कृत, पाली एवं प्राकृत विभाग से सेवानिवृत्त प्रो. भीम सिंह वेदालंकार ने व्यक्त किए। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान, कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर, प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. जीतेश कुमार पंडा, संहिता एवं सिद्धांत विभागाध्यक्ष प्रो. कृष्ण कुमार और आर एंड आई निदेशक प्रो. देवेंद्र खुराना ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। प्रो. वेदालंकार ने कहा कि युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि क्षेत्र से संन्यास लेकर देवभाषा की रक्षा करना का संकल्प लिया हुआ है। उन्होंने कहा कि कई शब्दों को एक शब्द में समटने की ताकत मात्र संस्कृत भाषा में ही है। इस अवसर पर प्रो. दीप्ति पराशर, प्रो. रवि राज, प्रो. नीलम कुमारी, प्रो. सीमा रानी, डॉ. सुरेंद्र सहरावत, प्रो. मनोज तंवर, डॉ. आशीष नांदल, डॉ. अनामिका, डॉ. सुखबीर, डॉ. ममता, संस्कृत क्लब सचिव डॉ. सीमा रानी आदि मौजूद रहे।





### खानेवाल खालसा स्कूल में भेंट किया वाटर कूलर

**शाहबाद।** रोटरी क्लब द्वारा खानेवाल खालसा सीनियर सैकंडरी स्कूल में एक नया वाटर कूलर स्थापित किया गया। यह वाटर कूलर समाजसेवी गोल्डी ओजला राम नगर द्वारा दिया गया। खानेवाल खालसा सीनियर सैकंडरी स्कूल में बच्चों और आमजन के लिए शुद्ध ठंडे पानी की सुविधा हेतु वॉटरकूलर स्थापित किया गया। यह पहल गर्मी के मौसम में विद्यार्थियों और स्थानीय लोगों की स्वास्थ्य और सुविधा को ध्यान में रखते हुए की गई है। स्कूल प्रशासन और समाज सेवियों के सहयोग से इस कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के प्रधान डॉ. आर. एस. घुम्मन ने कहा कि यह सुविधा बच्चों को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल की सराहना की और इसे जनहित में उठाया गया सराहनीय प्रयास बताया। इस अवसर पर प्रोजेक्ट चेयरमैन राज कुमार गर्ग ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य छात्रों और स्कूल में आने वाले लोगों को स्वच्छ और ठंडा पानी उपलब्ध कराना है। समाजसेवी गोल्डी ओजला को रोटरी क्लब और स्कूल मैनेजमेंट द्वारा स्मृति छन देकर सम्मानित किया।



### ओपी जिंदल की 95वीं जयंती पर अग्रवाल धर्मशाला में रक्तदान शिविर 7 को

**कुरुक्षेत्र।** जन सहयोग संस्था, कुरुक्षेत्र द्वारा स्वर्गीय ओ.पी. जिन्दल जी की 95वीं जयंती के अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का आयोजन 7 अगस्त को अग्रवाल धर्मशाला, रेलवे स्टेशन के निकट, सुबह 10 बजे किया जाएगा। रक्तदान शिविर के सफल आयोजन को लेकर नवीन जिन्दल फाउंडेशन की टीम और जन सहयोग संस्था के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा और तैयारियों को लेकर विस्तार से मंथन हुआ। इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यह रक्तदान शिविर स्व. ओ.पी. जिन्दल को समर्पित है, जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन गरीबों, मजदूरों, किसानों और जरूरतमंद लोगों की सेवा में अर्पित किया। धर्मवीर सिंह ने कहा कि बाऊजी की सोच सदैव समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने की रही। आज उन्हीं की प्रेरणा से सांसद नवीन जिन्दल उसी सेवा भाव के साथ निरंतर कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के विकास और जनकल्याण के कार्यों में लगे हुए हैं। यह रक्तदान शिविर उसी विचारधारा का प्रतीक है। जन सहयोग संस्था के अध्यक्ष जितेन्द्र ने कहा कि रक्तदान जीवनदान है और यह शिविर बाऊजी की उस सोच का विस्तार है, जिसमें हर जरूरतमंद व्यक्ति को समय पर सहायता मिले।

**दाम में उछाल** | बरसात में फसल खराब होने के कारण दामों में हुई बढ़ोतरी

# महंगी सब्जियों ने बिगाड़ा रसोई का बजट टमाटर और हरी मिर्च ने लगाया शतक

टमाटर का रेट एक हफ्ते में 60 रुपये से बढ़कर 100 रुपये प्रति किलो पहुंचा, मटर 150 रुपये किलो तक बिक रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

इन दिनों बारिश के चलते आवक कम होने से सब्जियों के दाम आसमान छूने लगे हैं। धर्मनगरी के बाजारों में टमाटर 100 रुपए किलो तक बिक रहा है. वहीं, मटर, हरी मिर्च जैसी सब्जियों के दाम भी नई ऊंचाइयों पर हैं। बताया जा रहा है कि बारिश में फसल खराब होने के कारण अचानक सब्जियों के दाम बढ़े हैं। सब्जियों की कीमतों में आए इस उछाल ने गृहिणियों को निराश कर दिया है। टमाटर महंगा हो जाने से गृहिणी परेशान है। घरों में सलाद में टमाटर गायब हो गया है। तड़के में भी टमाटर का इस्तेमाल कम हो गया है। टमाटर एक हफ्ते पहले 60 रुपये किलोग्राम से बढ़कर 100 रुपये हो गया है। मटर बाजार में 150 रुपये किलो तक बिक रहा है। वहीं सब्जियों के साथ मुफ्त मिलने वाला हरी धनियां भी 100 रुपये प्रति किलोग्राम है। हरी मिर्च के भाव भी तीखे हो गए हैं। इससे रसोई का बजट बिगड़ गया है। किसानों का कहना है कि बारिश के कारण हरी सब्जी की फसलों में एक तरफ फूल खराब हुआ। वहीं, दूसरी तरफ कीट और रोगों का हमला भी बढ़ा है। इससे बाजार में आवक कम है। इसका असर उनकी कीमतों पर पड़ा है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बारिश में फूल खराब होने से सब्जियों की फसल घटती है। वहीं, रोग और कीट भी बढ़ते हैं। गृहिणी महिलाओं का कहना है कि सब्जियों के दाम बढ़ रहे हैं। इससे रसोई का बजट लगातार बिगड़ रहा है।



**कुरुक्षेत्र।** एक दुकान पर रखी सब्जियां।

### 10 दिनों में सब्जियों के दाम में उछाल

गृहिणी निशा का कहना है कि पिछले 10 दिनों में सब्जियों के दाम में उछाल आया है। इसके चलते उनकी रसोई का बजट गड़बड़ाने लगा है। पहले जहां दो सौ रुपये में कई सब्जियां आ जाती थीं, अब वह चार सौ से पांच सौ रुपये में आ रही हैं। वहीं स्वीटी देवी का कहना है कि सब्जियों में टमाटर का सर्वाधिक प्रयोग होता है। लेकिन, टमाटर के दाम वर्षा के बाद चरम पर हैं। उन्होंने टमाटर का इस्तेमाल करना कम कर दिया है।

### सब्जियों के दाम प्रति किलो

आलू 25 रुपये, घीया 40 रुपये, तोरी 30 रुपये, धनिया 100 रुपये, टमाटर 100 रुपये, प्याज 30 रुपये, शिमला मिर्च 80 रुपये, मटर 150 रुपये, पेठा 30 रुपये, नींबू 80 रुपये, हरी मिर्च 100 रुपये, अदरक 80 रुपये, भिंडी 60 रुपये।

### बाहर से आने वाली सब्जियां नहीं पा आ रही

सब्जी विक्रेता टोनी रोहिल्ला ने बताया कि बारिश के चलते नासिक व बाहर से आने वाली सब्जियां आ नहीं पा रही हैं। जिसके कारण रेट में इजाफा हुआ है। ग्रामीण अंचलों से आने वाले फुटकर दुकानदार भी कम संख्या में गांवों से निकल रहे हैं। इसी कारण फुटकर बाजार में सब्जी के दामों में अचानक वृद्धि हुई है।

